खास-खबरें

## संविधान के निर्माता डॉ भीवराव आंबेडकर को ये देश हमेशा अमर मानेगा : आकाश



**सागर।** विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी एवं मंत्रि पुत्र आकाश सिंह राजपूत ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर गोपालगंज स्थित बाबासाहेब अंबेडकर जी की मूर्ति में माल्यार्पण किया जिला संगठन मंत्री अनुज सिंह परिहार ने बताया कि देश में समाजिक समरसता एवम समानता स्थापित करना बाबा साहब का सपना था इसी उद्देश को पूरा करने के लिए विश्व हिंदू परिषद जमीनी स्तर पर रात दिन कार्य कर सामाजिक समरसता स्थापित करने में लगा हुआ है। इस अवसर पर विभाग समरसता प्रमुख आशुतोष सोलंकी, शैलेन्द्र सिंह, जिला संगठन मंत्री अनुज परिहार, मंत्री पुत्र आकाश सिंह राजपूत, नगर अध्यक्ष शशांक सिंह राजपूत , विवेक सेन, विवेक पचौरी, सैलेंद्र सिंह,निशांत श्रीवास्तव, दिनेश जैन, राजेंद्र पटेल, अनिकेत पटेल, नरेंद्र कुर्मी आदि अन्य कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

## ग्राम सिलारी में चौपाल लगाकर किया जल संकट का निराकरण



**सागर।** कलेक्टर दीपक आर्य के निर्देश पर एसडीएम मुनव्वर खान , जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालिका अधिकारी डॉक्टर मनीषा चतुर्वेदी द्वारा देवरी विकासखंड के ग्राम सीलारी पहुंचकर वहां ग्राम में चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्याएं सुनी एवं जल संकट करने के संबंध में चर्चा की ।एसडीएम श्री मुनव्वर खान ने बताया कि ग्रामवासियों ने बताया कि ग्राम में एक-दो हैंड पंप बंद हो गए हैं जिनके कारण कुछ ग्राम के वार्डो में जल संकट की स्थिति निर्मित हो गई है। ग्रामवासियों ने बताया कि ग्राम में ही कुआं में आपूर्ति के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध है। एसडीएम श्री मुनव्वर खान ने तत्काल सरपंच एवं सचिव को निर्देश दिए कि जनपद पंचायत के माध्यम से पेयजल संकट वाले वार्डों में टैंकरों के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जावे। सभी ग्राम वासियों ने टैंकरों के माध्यम से पेयजल सप्लाई पर अपनी सहमति व्यक्त की।

## पूर्व विधायक पारूल ने विधायक भूपेंद्र सिंह से की भेंट



**सागर।** पूर्व विधायक पारुल साहू केशरी ने विधायक भूपेन्द्र सिंह से सौजन्य भेंट की। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

## बाबा साहेब ने समानता का अधिकार दियाः लखन सिंह



**बांदरी।** भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर बांदरी में कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रमुख मार्गों से धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। मंत्री प्रतिनिधि लखन सिंह ने हाट परिसर के पास स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके जीवन चरित्र पर प्रकाष डाला। मंत्री प्रतिनिधि लखन सिंह ने कहा कि आज बाबा साहब की प्रासंगिकता और बढ़ गई है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का सामाजिक परिवर्तन में अमूल्य योगदान रहा है। सिंह ने कहा कि देश को बनाने में जिन लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं उनमें डॉ. अंबेडकर अग्रणी हैं। उन्होंने संविधान में सभी नागरिकों को समानता का अधिकार दिया है। यह एक महत्वपूर्ण और गर्व का क्षण है जब हम समाज में न्याय और समानता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोबारा संजोते हैं। अम्बेडकर जयंती हमें उन महान विचारक, समाजसेवी, और संविधानकार की याद दिलाती है, जिन्होंने अपने जीवन को समाज को न्याय और समानता की दिशा में बदलने के लिए समर्पित किया। बाबा साहब ने हमेशा से कमजोर और पिछड़ें वर्ग के अधिकारों के लिए काम किया है। अम्बेडकर जयंती के इस अवसर पर हमें उनके विचारों को याद करने का समय है, और उनके संदेश को आज के समय में अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नारायण सिंह, सुरेंद्र सिंह, कल्लू राजपूत, दौलतराम रोहित, आषीश जैन, अवधेष सिंह, रामकिषन अहिरवार, रमेष अहिरवार, राजेंद्र सेन जितेंद्र सहित अनेक भाजपा नेता व पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### जिम्मेदार विभाग के कर्मचारियों को दिए निर्देश

## बारिश में जल जमाव की स्थिति न बने इसके पूर्व समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंः निगमायुक्त





**सागर**

बारिश आने के पूर्व शहर के समस्त जल भराव वाले स्थानों को चिन्हित कर वहां पानी की निकासी की उचित व्यवस्था की जाए ताकि जल भराव की स्थिति न बने इसके लिए समस्त वार्ड सफाई दरोगा ,जोन प्रभारी और संबंधित वार्ड के इंजीनियर वहां के रहवासियों और वार्ड में निर्माण कार्य कर रही अन्य एजेंसियों से सामंजस्य बनाकर आवश्यक कार्य करायें ताकि जल भराव व न हो।

यह निर्देश नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने रविवार को प्रातः जल भराव वाले स्थानों का भ्रमण करते हुए दिए। उन्होंने यादव कॉलोनी, द्वारका बिहार कालोनी, यश बिहार कालोनी, तिरुपतिपुरम कॉलोनी सहित अन्य क्षेत्रों के जल भराव वाले संभावित स्थानों का भ्रमण किया और जल भराव के कारणों के बारे में जानकारी लेते हुए पूर्व से ही उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए । उन्होंने वार्ड वासियों से भी चर्चा की जल भराव न हो इसके संबंध में सुझाव भी लिए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने निर्देश दिए की नालों से खरपतवार को निकालने के लिए आठ जोन से दो-दो कर्मचारी लेकर उनकी दो गैंग बनाई जाएं जो केवल नालों में जमी खरपतवार आदि को साफ करेगी ताकि खरपतवार की वजह से नालों में बहने वाला पानी अवरूद्ध न हो,इसके अलावा जिन नालों के निर्माण के दौरान सीएनडी वेस्ट मटेरियल नहीं उठाया गया है उस मटेरियल को नाला निर्माण करने वाली एजेंसी से उठवाया जाए।


उन्होंने कहा कि कॉलोनियों में प्लाट काटते समय कॉलोनी के पानी की निकासी उचित व्यवस्था नहीं की गई और नालियों का सही ढाल न होने के कारण पानी सही तरीके से नहीं निकल पाता है जिसके कारण जल भराव की स्थिति बनती है इसलिए उन्होंने जोन प्रभारी को निर्देश दिए कि कॉलोनी के रहवासियों से सामंजस्य बनाकर जल निकासी की उचित व्यवस्था करायें ।

निगमायुक्त ने कहा कि कालोनियों के भ्रमण के दौरान पाया कि कई खाली प्लाट पड़े हैं जिन पर कचरा- मलवा और गंदगी पड़ी है उसके कारण मच्छर पैदा होते है इसलिए ऐसे प्लाट मालिकों को चिन्हित कर उन पर पांच- पांच हजार रूपये का जुर्माना किया जाए साथ ही शहर के समस्त वार्डों में खाली प्लाट को चिन्हित करने के लिए संबंधित वार्ड सफाई दरोगा और कर संग्राहकों को निर्देश दिए हैं कि वह प्रतिदिन कम से कम 15 खाली प्लाट मालकों के नाम- उनका पता -कार्यालय में जमा करें ताकि उन्हें नोटिस दिया जा सके।

## विश्वविद्यालयः पीएचडी प्रवेश परीक्षा केंद्र का कुलपति ने किया निरीक्षण

**सागर**

डॉ.हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, में सत्र 2023-24 की पीएचडी प्रवेश परीक्षा दिनांक 13-14 अप्रैल 2024 को विश्वविद्यालय के महर्षि कणाद भवन में पांच पालियों में आयोजित की गई. कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने परीक्षा केंद्र पहुँचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और सुविधाओं का जायजा लिया. प्रवेश प्रकोष्ठ के चेयरमैन प्रो. दिवाकर शुक्ला ने बताया कि 36 विषयों में 1300 से अधिक छात्रों ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन किया था। यह परीक्षा सागर केंद्र पर आयोजित की गई. निरीक्षण के दौरान विश्वविद्यालय के प्रभारी परीक्षा नियंत्रक डॉ एस पी गादेवार, प्रो दिवाकर शुक्ला, परीक्षा समन्वयक प्रो रत्नेश दास सहित अन्य अधिकारी एवं शिक्षक मौजूद रहे।



### मतपत्रों में चुनाव चिन्ह के साथ उम्मीदवारों के फोटो भी होंगे

**सागर।** लोकसभा चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की बैलेट यूनिट पर चस्पा किये जाने वाले मतपत्रों में उम्मीदवारों के नाम, पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह के साथ फोटो तथा सर्विस वोटर्स को जारी किये जाने वाले डाक मतपत्रों पर उम्मीदवारों के नाम और पार्टी के नाम के साथ फोटो भी अंकित होंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा उम्मीदवारों के नाम, पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह के साथ मतपत्रों में फोटो अंकित करने के ये निर्देश एक ही या मिलते जुलते नाम के दो या दो से अधिक उम्मीदवारों के चुनाव लड़ने के पूर्व में सामने आये प्रकरणों को देखते जारी किये गये हैं । मतपत्रों पर उम्मीदवारों का फोटो उसके नाम और चुनाव चिन्ह के बीच में दो गुना ढ़ाई सेंटीमीटर के आकार (स्टेम्प साइज) में अंकित किये जायेंगे । मतपत्रों पर फोटो अंकित करने के लिए उम्मीदवारों को अपने फोटो नाम निर्देशन पत्र के साथ ही प्रस्तुत करने कहा गया था ।

## भागवत कथाः श्री कृष्ण-रूक्मिणी विवाहोत्सव में श्रद्धालुओं ने पैर पखारे

**बांदरी**

बाजार वार्ड के श्री गोपेश्वर मंदिर परिसर में आयोजित की जा रही श्रीमदभागवत कथा में रविवार को भगवान श्रीकृष्ण और रूक्मिणी का विवाह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद धर्मप्रेमियों ने कृष्ण - रूक्मिणी के पैर पखारे। विवाह उत्सव के दौरान भागवत कथा वाचक पं. हिरदेष तिवारी द्वारा प्रस्तुत किए गए भजनों के दौरान श्रद्धालू अपने लिए रोक नहीं पाए और जमकर नाचे। पं. तिवारी ने भगवान श्री कृष्ण के विवाह प्रसंग पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रूक्मिणी भगवान की माया के समान थीं। रूक्मिणी ने मन ही मन यह निश्चय किया था कि भगवान श्री कृष्ण ही मेरे लिए योग्य पति हैं। पर रूक्मी श्री कृष्ण से द्वेष रखता था इससे उसने उस विवाह को रोककर शिशुपाल को रूक्मिणी का पति बनाने का निश्चय किया ।इससे रूक्मिणी को बड़ा दुख हुआ और उन्होंने अपने एक विश्वासपात्र को भगवान श्री कृष्ण के पास भेजा। साथ ही अपने आने का प्रायोजन बताया। इसके बाद श्रीकृष्ण जी विदर्भ देश में जा पहुंचे। उधर रूक्मिणी का शिशुपाल के साथ विवाह होने की तैयारियां हो रहीं थीं। परन्तु उनकी प्रार्थना का असर हुआ और बाद में श्री कृष्ण का विवाहरूक्मिणी के साथ हुआ। रुक्मिणी अपनी बुद्धिमता, न्यायप्रिय व्यवहार के लिए प्रसिद्ध थीं। रुक्मिणी जी का पूरा बचपन श्रीकृष्ण की साहस और वीरता की कहानियां सुनते हुए बीता था। रुक्मणी की भगवान के प्रति लगन, आस्था और उनकी इच्छा के चलते भगवान ने उनका वरण किया। कथा के दौरान पं. केषव प्रसाद पांडे ने श्री गोपेश्वर महादेव की महिमा बताते हुए कहा कि भगवान षिव गोकुल में गोपी का रूप बनाकर महारास में शाामिल हुए थे। उस समय देवताओं ने फूलों की वर्शा की और भगवान श्रीकृष्ण ने महादेव का नाम गोपेष्वर रखा था। कथा का आयोजन भी श्री गोपेश्वर मंदिर परिसर में हो रहा है। यह जीवन का बहुत ही दुर्लभ क्षण है। उन्होंने द्वादश ज्योतिर्लिंग के मंत्रोच्चारणके साथ उनका भी महत्व बताया। कथा के प्रारंभ में पं. केषव प्रसाद पांडे व मुख्य यजमान बलराम पटैल द्वारा पूजा-अर्चना की गई। बाद में आरती की गई। कथा सुनने आए सैकड़ों श्रद्धालुओं भगवान श्री कृष्ण व रुक्मणी की झांकी के दर्षन किए।



### वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज में से कोई भी एक दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

**सागर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में आगामी 26 अप्रैल एवम् सात मई 2024 को मतदान के लिए मतदाता पहचान पत्र नहीं होने की दशा में ई-मतदाता परिचय पत्र आयोग की वेबसाइट डाउनलोड किया जाकर मतदान किये जाने की सुविधा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त 12 प्रकार के वैकल्पिक दस्तावेजों के माध्यम से भी मतदाता अपने मत का उपयोग कर सकते हैं। जिले में मतदाता की सुविधा और आदर्श मतदान के लिये विधानसभा वार पीडब्ल्यूडी मतदान केन्द्र, यूथ मतदान केन्द्र व पिंक मतदान केन्द्र बनाये गये हैं जिसमें सभी वर्गों को समाहित करने का प्रयास किया गया है। आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत आगामी 19 अप्रैल एवं 26 अप्रैल को मतदान करने के संबंध में मतदाता की पहचान के लिये मतदाता परिचय पत्र के अलावा ई-मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक, पोस्ट ऑफिस की फोटो सहित पासबुक, श्रम मंत्रालय के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, पेन कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोग्राफ सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र शासन, राज्य शासन, पीएसयूस और पब्लिक लिमिटेड कंपनी द्वारा जारी फोटोग्राफ सहित सर्विस पहचान कार्ड और एमपी, एमएलए व एमएलसी द्वारा जारी सरकारी पहचान पत्र निर्धारित किये गये

### व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने के लिए निर्देश

## उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया राहतगढ़ के मतदान केंद्रों और अंतर जिला नाकों का निरीक्षण



**सागर**

एडीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रुपेश उपाध्याय ने रविवार को राहतगढ़ तहसील में भ्रमण के दौरान वहां के मतदान केंद्रों एवम् अंतर जिला नाकों का निरीक्षण किया। उन्होंने सागर और रायसेन जिले की सीमा पर लालबाघ नाके का भी निरीक्षण किया जहां एस एस टी टीम के कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अनुपस्थित मिले जिनके खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नाकों पर सभी व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। उन्होंने राहतगढ़ में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। जहां सीएमओ राहतगढ़ को लोकसभा निर्वाचन के संबंध मतदान केंद्रों पर मतदान केंद्र का विवरण शीघ्र अंकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्त मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधाओं के समस्त प्रबंध किए जाएं साथ ही ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पानी , छाया की भी समुचित व्यवस्था की जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीम अशोक सेन सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।